दैनिक जागरण 15/11/2025

# वंदे मातरम् देश की एकता और अखंडता का प्रतीक : रोहित



जीएमएन कालेज में कार्यक्रम के दौरान शामिल विद्यार्थी। • विज्ञप्ति

**अंबाला विज्ञप्ति** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में वंदेमातरम् के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कालेज की एनएसएस यूनिट्स, वाईआरसी, म्युनिसिपल काउंसिल अंबाला सदर के सान्निध्य में हुए इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम देश के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और समर्पण को दर्शाता है। वंदे मातरम हमारे देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। इस दौरान राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश देती मानव श्रृंखला भी बनाई गई। नगर परिषद अंबाला सदर के ईओ देवेंद्र रनवाल ने कहा कि राष्ट्रीय एकता, सद्भाव और जागरूकता का संदेश देने वाले ऐसे कार्यक्रम समाज को दिशा प्रदान करते हैं। इस दौरान एनएसएस अधिकारी डा. चंद्रपाल पूनिया, डा. पिंकी गुप्ता सहित गीती बिंद्रा, राजिंदर मीरवाल, डा. राकेश आदि मौजूद रहे। कालेज में आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में रितु ने प्रथम, अंश राठी ने द्वितीय तथा प्रिंस राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, स्लोगन राइटिंग में मुस्कान शर्मा ने प्रथम, विशाल ने द्वितीय और निधि ने तृतीय पुरस्कार हासिल किया।